Roll No.
रोल नं. | | | | | |

Code No. **034**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# HINDI - (B)
# हिन्दी (ब)

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*निर्धारित समय : 3 घंटे* *अधिकतम अंक : 80*

***नोट :***

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* ***11*** *मुद्रित पृष्ठ हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* ***16*** *प्रश्न हैं।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(iv)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(v)* ***इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में 10.15 से 10.30 बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।***

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खंड हैं –* ***क, ख, ग और घ।***

*(vii)* ***खंड – क*** *में अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(viii)* ***खंड – ख*** *में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार आंतरिक विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(ix)* ***खंड – ग*** *में पाठ्यपुस्तक आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(x)* ***खंड – घ*** *में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार आंतरिक विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(xi)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

## खंड - क

## ( अपठित बोध )

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **7**

भारत बहुजातीय देश है। यहाँ किसी जाति की अपनी विशेषताओं के साथ सामान्य राष्ट्रीय विशेषताओं पर ध्यान देना उचित है, किन्तु राष्ट्रीय एकता का अर्थ जातीय विशेषताओं का लोप नहीं होता।

हिन्दी जाति की संस्कृति भारतीय संस्कृति का ही एक अंग है और उसके संदर्भ में ही उसका विकास और महत्व समझा जा सकता है। जब वेद मंत्र रचे गए, तब उस युग के आसपास सिन्धु घाटी की महान सभ्यता विकसित हुई थी। संस्कृत के विशाल वाङ्मय के एक छोर पर तक्षशिला में पाणिनि हैं और दूसरे छोर पर केरल में शंकराचार्य हैं। आधुनिक भाषाओं में लगभग चौथी ईस्वी शताब्दी से अब तक तमिल साहित्य की अटूट गौरवशाली परंपरा है। जातीय चेतना का प्रसार महाराष्ट्र में संतों के द्वारा हुआ और समर्थ गुरु रामदास ने समस्त मराठी भाषियों से एक झंडे के नीचे संगठित होने को कहा। जन साधारण को अपना आधार बनाकर शिवाजी ने भारतीय युद्ध कौशल में क्रांतिकारी परिवर्तन किया और उन्होंने संसार में सबसे पहले छापेमार लड़ाई का विकास किया।

किसी भी बहुजातीय देश के सामाजिक सांस्कृतिक इतिहास में सभी जातियों का योगदान एक सा नहीं होता यद्यपि वे एक-दूसरे को प्रभावित करती रहती हैं। 1857 के स्वाधीनता संग्राम का केन्द्र हिंदी प्रदेश था, इससे यह सिद्ध नहीं होता कि उसका राष्ट्रीय महत्व नहीं था या दूसरे प्रदेशों में उसके प्रति सहानुभूति नहीं थी या वहाँ साम्राज्य विरोधी संघर्ष न हुए थे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश की विषयवस्तु आधारित है - **1**

(A) जातीय पहचान

(B) सांस्कृतिक योगदान

(C) भाषायी भिन्नता

(D) राष्ट्रीय गौरव

(ii) भारत बहुजातीय देश है - पंक्ति का आशय है? **1**

(A) भारत विविध जातियों का देश है ।

(B) भारत में अनेक जातियाँ हैं।

(C) भारत जातियों का देश है ।

(D) भारत में जातियों की विशिष्ट पहचान है।

(iii) निम्नलिखित **कथन** और **निष्कर्ष** को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए – **1**

**कथन :** स्वाधीनता संग्राम का केन्द्र हिंदी प्रदेश था।

**निष्कर्ष :** भारत में सभी जातियों का योगदान एक-सा नहीं होता।

(A) कथन सही है, किंतु निष्कर्ष गलत है।

(B) कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।

(C) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।

(D) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(iv) आप कैसे कह सकते हैं कि संस्कृत का वाङ्मय विशाल है? **2**

(v) हिन्दी जाति की संस्कृति से आप क्या समझते हैं? **2**

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **7**

विनम्रता ऐसा गुण है, जो मनुष्य के व्यक्तित्व को ठीक उसी तरह शोभित करता है जैसे शरीर में आभूषण। विनम्रता का अर्थ है – स्वभाव में लचीलापन। इस गुण की सार्थकता व्यक्ति एवं समाज अथवा एक व्यक्ति एवं दूसरे व्यक्ति के मध्य पारस्परिक संबंधों एवं व्यवहार के आधार पर ही सिद्ध हो सकती है। एकाकी रूप से बैठे हुए किसी मनुष्य के अंदर विनम्रता का गुण खोज पाना नितांत दुस्साध्य कार्य है। विनम्रता एक ऐसा रत्न है, जो मनुष्य के व्यक्तित्व में छिपा रहता है। इसके अन्वेषण के लिए व्यक्तित्व का मंथन ठीक उसी तरह अनिवार्य है जैसे कि समुद्र से रत्न की प्राप्ति के लिए उसका मंथन अनिवार्य था।

किसी मनुष्य के व्यक्तित्व के मंथन के लिए उसको समझना नितांत आवश्यक है। वहीं किसी भी व्यक्ति को समझने के लिए हमें उसके साथ ऐसे संबंध स्थापित करने पड़ते हैं, जो परस्पर व्यवहार तथा हृदय तथा मन के संयोग को अभिप्रेरित करें। ऐसे संयोग के उपरांत ही व्यक्तित्व में विनम्रता का स्तर उजागर हो पाता है। विनम्रता का गुण व्यक्ति को आंतरिक प्रसन्नता तो प्रदान करता ही है, साथ ही उसे समाज में भी एक उच्चस्तरीय सम्मान उपलब्ध कराता है। फलों से लदा हुआ वृक्ष सदैव झुका रहता है । यहाँ पर झुकने का आशय है विनम्र होना और फलों से लदे होने का तात्पर्य है कि व्यक्तित्व के अंदर गुणों का समावेश होना।

(i) उपरोक्त गद्यांश की विषयवस्तु आधारित है – **1**

(A) स्वभाव (B) विनम्रता

(C) व्यवहार (D) व्यक्तित्व

(ii) विनम्रता का पता लगाना कब कठिन हो जाता है? **1**

(A) अकेले व्यक्ति का

(B) सामाजिक व्यक्ति का

(C) पारस्परिक संबंध रखने वाले का

(D) मन और भाव के स्तर पर समान व्यक्ति का

(iii) निम्नलिखित **कथन** और **निष्कर्ष** को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए – **1**

**कथन :** फलों से लदा वृक्ष झुका होता है।

**निष्कर्ष :** पेड़ की डालियों पर भार अधिक होता है।

(A) कथन सही है, किंतु निष्कर्ष गलत है।

(B) कथन और निष्कर्ष दोनों सही है।

(C) कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।

(D) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत है।

(iv) व्यक्तित्व को समझे बिना किसी व्यक्ति को समझना कठिन है, कैसे ? **2**

(v) विनम्रता की तुलना शरीर के आभूषण से क्यों की गई है? **2**

## खंड - ख

## ( व्यावहारिक व्याकरण )

**3. पदबंध पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 4x1=4**

(i) वामीरो समुद्र किनारे दौड़ती चली गई – वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए। **1**

(ii) पास में <u>सुंदर और शक्तिशाली</u> युवक रहा करता था– वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए। **1**

(iii) किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान आप किस आधार पर करेंगे? उदाहरण भी लिखिए। **1**

(iv) क्रिया विशेषण का एक उदाहरण लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **1**

(v) <u>पर्व त्योहार में उसे</u> आमंत्रित किया जाता – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए। **1**

**4.** **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **4x1=4**

(i) मुझे आज सचमुच अपनी लघुता का अनुभव हुआ और भाई साहब के प्रति मेरे मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई – वाक्य का भेद लिखिए। **1**

(ii) लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई – सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए। **1**

(iii) मिश्र वाक्य किसे कहते हैं? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। **1**

(iv) सरल और संयुक्त वाक्य के अंतर को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। **1**

(v) मिश्र वाक्य में मुख्य वाक्य और आश्रित उप-वाक्य को स्पष्ट कीजिए। **1**

**5.** **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **4x1=4**

(i) 'बहुब्रीहि' समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण लिखिए। **1**

(ii) 'मदांध' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए। **1**

(iii) 'नीलकंठ' कर्मधारय समास कैसे है? **1**

(iv) द्वन्द्व समास और द्विगु समास में क्या अंतर है ? **1**

(v) 'नवग्रह' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद भी लिखिए। **1**

**6.** **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **4x1=4**

(i) मेरे दरजे में आओगे, तो ___________ आ जाएगा। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए) **1**

(ii) 'ज़मीन पर पाँव नहीं रखना' – मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। **1**

(iii) 'लोहे के चने चबाना' और 'खून जलाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए? **1**

(iv) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा। पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में पुन: प्रयोग कीजिए। **1**

(v) तीसरी कसम फिल्म की संवेदना किसी ___________ का गणित जानने वाले की समझ से परे थी। (उचित मुहावरे का प्रयोग कर वाक्य पूरा कीजिए।) **1**

## खंड - ग

## ( पाठ्य-पुस्तक )

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए -** **5x1=5**

वामीरो घर पहुँच कर भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी। उसके भीतर तताँरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी। एक झल्लाहट में उसने दरवाजा बंद किया और मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया। बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता। उसने तताँरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं। उसकी कल्पना में वह एक अद्‌भुत साहसी युवक था। किंतु वही तताँरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया। सुंदर, बलिष्ठ किंतु बेहद शांत, सभ्य और भोला। उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन-साथी के बारे में सोचती रही थी। किंतु एक दूसरे गाँव के युवक के साथ यह संबंध परंपरा के विरुद्ध था। अतएव उसने उसे भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा।

(i) वामीरो किसके बारे में सोच रही थी? **1**

(A) साहस (B) तताँरा

(C) व्यक्तित्व (D) युवक

(ii) तताँरा के विषय में सुंदर, बलिष्ठ, सभ्य आदि विशेषण का प्रयोग किसने किया? **1**

(A) तताँरा (B) वामीरो

(C) युवक (D) जीवन-साथी

(iii) वामीरो ने झल्लाहट में दरवाजा बंद क्यों किया? **1**

(A) परेशानी से (B) बेचैनी से

(C) व्यथा से (D) पीड़ा से

(iv) बार-बार ततााँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता क्योंकि उसे – **1**

(A) ततााँरा पसंद आ गया था

(B) ततााँरा से प्यार हो गया था

(C) ततााँरा की आँखों में सच्चा प्यार दिखा

(D) ततााँरा प्यार की भीख माँग रहा था

(v) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – **1**

**कथन :** वामीरो ने ततााँरा की कई कहानियाँ सुन रखी थी।

**कारण :** उसकी कल्पना में वह एक साहसी युवक था।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन सही है तथा कारण गलत है।

(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं।

(D) कथन गलत है तथा कारण सही है।

**8. गद्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में लिखिए –** **3x2=6**

(i) बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी ?

(ii) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताएँ कि 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर दिन क्यों कहा गया है ?

(iii) शैलेन्द्र ने राजकपूर जैसे स्टार को 'हीरामन' बना दिया था, कैसे ?

(iv) चींटियों ने सुलेमान के लिए ईश्वर से दुआ क्यों की ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

**9. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन करके लिखिए।** **5x1=5**

कंपनी बाग के मुहाने पर
धर रख गई है यह 1857 की तोप
इसकी होती है बड़ी सम्हाल, विरासत में मिले
कंपनी बाग की तरह
साल में चमकाई जाती है दो बार।
सुबह-शाम कंपनी बाग में आते हैं बहुत
से सैलानी
उन्हें बताती है यह तोप
कि मैं बड़ी जबर
उड़ा दिए थे मैंने
अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे
अपने ज़माने में

(i) 1857 का प्रयोग किस संदर्भ में किया गया है? **1**

(A) इतिहास के
(B) तोप के
(C) बाग के निर्माण का समय
(D) स्वतंत्रता संग्राम के

(ii) तोप को साल में दो बार कब चमकाया जाता रहा होगा? **1**

(A) 15 जनवरी, 26 अगस्त
(B) 26 जनवरी, 15 अगस्त
(C) 2 अक्तूबर, 26 जनवरी
(D) 15 अगस्त, 2 अक्तूबर

(iii) 'सैलानी' से क्या अभिप्राय है? **1**

(A) पर्यटक
(B) पर्यटन
(C) पर्यटन स्थल
(D) पर्यटक समूह

(iv) 'कंपनी बाग के मुहाने पर' पंक्ति में प्रयुक्त 'मुहाने' से क्या अभिप्राय है? **1**

(A) बाग के सामने
(B) बाग के द्वार पर
(C) बाग के प्रवेश-द्वार पर
(D) बाग के मुख्य-मार्ग पर

(v) निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – **1**

**कथन :** तोप अपने समय में बहुत ताकतवर थी।

**कारण :** उसने बड़े-बड़े वीरों के चिथड़े उड़ा दिए थे।

(A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(B) कथन गलत और कारण सही है।

(C) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(D) कथन सही और कारण गलत है।

**10. काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में लिखिए। 3x2=6**

(i) 'आत्मत्राण' कविता ईश्वर से साहस और पुरुषार्थ की इच्छा रखने वाली है, कैसे?

(ii) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

(iii) धरती पर आकाश के टूटने के भाव को 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iv) कबीर दास अपने को दुखिया क्यों कहते हैं?

**11. पूरक पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 - 50 शब्दों में लिखिए। 2x3=6**

(i) लेखक हरिहर काका की जिंदगी से बहुत गहरे जुड़े हुए हैं, कैसे?

(ii) 'मास्टर जी हमने इसे क्या तहसीलदार लगवाना है' – इस पंक्ति से अभिभावक की किस मानसिकता का पता चलता है?

(iii) टोपी और इफ़्फ़न मित्रता की अच्छी मिसाल हैं, कैसे?

## खंड - घ

## ( रचनात्मक लेखन )

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए -** **1x5=5**

(i) **समाज में मानवीय मूल्यों का महत्व**

**संकेत बिंदु -**

- मानवीय मूल्य क्या है
- इसकी आवश्यकता क्यों है
- कैसे विकसित करना
- निष्कर्ष

(ii) **स्वच्छता का महत्व**

**संकेत बिंदु -**

- स्वच्छता से अभिप्राय
- स्वच्छता की आवश्यकता
- स्वच्छता का प्रभाव
- निष्कर्ष

(iii) **मोबाईल की आदत**

**संकेत बिंदु -**

- मोबाईल फोन क्या है
- लाभ-हानि
- आदत से नुकसान
- निष्कर्ष

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए -** **1x5=5**

आप संगीत / संगीता हैं। विद्यालय में साहित्य की पुस्तकें मंगवाने के लिए प्राचार्य / प्राचार्या को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आप देवप्रयाग निवासी संगीत / संगीता हैं। विद्यालय में आयोजित 'योग कक्षा' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी राष्ट्रीय दैनिक समाचारपत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए - 1x4=4**

आप मनन / मनिका हैं। आप को अपनी कक्षा में एक डिजिटल टैब मिला है। इस टैब को उसके मालिक तक पहुँचाने के लिए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

आप वैशाली गाज़ियाबाद निवासी ध्रुव / ध्रुवा हैं तथा सामाजिक कल्याण समिति के सचिव हैं। अपने क्षेत्र में मतदाता पहचान पत्र बनवाने तथा सुधार के लिए एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए - 1x3=3**

'वृक्षारोपण के महत्व' के विषय में लोगों को जागरूक करते हुए वन विभाग की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

आपने एक 'सी.एन.जी. सर्विस स्टेशन' खोला है। इसके बारे में जानकारी देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** एक बार की बात है .............. पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। **1x5=5**

**अथवा**

आप शितांशु / शिवा हैं। आप गाज़ियाबाद में रहते हैं। आपके क्षेत्र में प्रतिवर्ष सितंबर-अक्तूबर महीने में गंगा-जल आपूर्ति बंद हो जाती है एवं इससे पीने के पानी का संकट उत्पन्न हो जाता है। इसकी जानकारी देते हुए समाधान हेतु जलापूर्ति विभाग के प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में pdjal.apv.@gmail.com पर एक ईमेल लिखिए।

**- o O o -**